| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 5.1.24 | 3 | 1-6 |

एचएयू में आयोजिति 3 दिवसीय पुष्प उत्सव संपन्न • एचएयू उत्सव देखने पहुंचे सेना के ब्रिगेडियर सहित अन्य अफसर

# ऑन द स्पाट पेंटिंग प्रतियोगिता में राजकीय कॉलेज की छात्रा प्रथम और एफसी कॉलेज की छात्रा रही द्वितीय

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर 4 के नजदीक स्थित एग्री-टूरिज्म सेंटर और बोटेनिकल गार्डन में चल रहे तीन दिवसीय 'शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2024' का गुरुवार को समापन हो गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि हिसार सेना छावनी के कमांडर एवं ब्रिगेडियर एस. राजीव ने शिरकत की। इस दौरान उनके साथ हिसार सेना छावनी से लेफ्टिनेंट कर्नल शशांक मिश्रा व श्वेता श्रीवास्तवा, एडजुटेंट और क्वार्टर मास्टर मेजर आरसी सूयाल और लेफ्टिनेंट दीपक यादव भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि सहित अन्य सेना के अधिकारियों ने फ्लॉवर शो में लगी सभी स्टॉलों व उद्यानों का भ्रमण किया।

पुष्प उत्सव में स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग पहली से पांचवीं कक्षा की श्रेणी में प्रथम स्थान पर दा आर्यन स्कूल, हिसार की छात्रा भव्या रही। दूसरे स्थान पर माल कॉलोनी, हिसार वासी अयिशा व तीसरे स्थान पर होली एंजल स्कूल की छात्रा यशस्वी और ओपीजेएमएस की छात्रा बृंदा रही। कक्षा 6 से 8वीं तक की उपरोक्त प्रतियोगिता में सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा महक पहले स्थान पर रही। आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा मनप्रीत दूसरे स्थान पर और कैंपस स्कूल की छात्रा प्रज्ञा व सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा श्रेया तीसरे स्थान पर रही। सीनियर वर्ग की उपरोक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विश्वास सीनियर सेकंडरी स्कूल की छात्रा पलक रही। दूसरे स्थान पर आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा महक व तीसरे स्थान पर दा आर्यन स्कूल की छात्रा मोली गोयल रही। उपरोक्त प्रतियोगिता में कॉलेज ग्रुप में प्रथम पुरस्कार राजकीय कॉलेज, हिसार की छात्रा निशा ने जीता। एफसी कॉलेज की छात्रा निहारिका ने दूसरा पुरस्कार व तीसरा पुरस्कार एसडीएमएम, हांसी की छात्रा मोनी ने जीता।



'शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2024' में फूलों पौधों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि।

## कड़ाके की सर्दी के बावजूद फूलों को देखने पहुंची भीड़

कड़कड़ाती सर्दी होने के बावजूद काफी संख्या में लोग 'शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2024' में अलग-अलग वैरायटी के फल, फूल व सब्जियों की प्रदर्शनियों को देखने पहुंचे थे। उत्सव के अंतिम दिन भी लोगों ने सुंदर-सुंदर फूलों के साथ सेल्फी लीं। सेल्फी प्वॉइंट भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा आमजन से लेकर किसानों व युवाओं ने विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में इजाद की गई नई-नई तकनीकों व प्रौद्योगिकियों के बारे में वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की।



पुष्प उत्सव देखने पहुंची महिला।

## ताजा पुष्प सज्जा में राजेश प्रथम

उत्सव के अंतिम दिन विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। ताजा पुष्प सज्जा में प्रथम पुरस्कार आजाद नगर निवासी राजेश ने, दूसरा पुरस्कार जिंदल स्टील लिमिटेड, हिसार व तीसरा पुरस्कार गांव किरोड़ी निवासी अंकित शर्मा व गांव खरड़-अलीपुर निवासी मोहित ने जीता। सूखे फूल सज्जा में प्रथम स्थान पर गांव बहबलपुर निवासी रमेश रहा।



एचएयू में तीन दिन के फ्लॉवर शो में दर्शक रंग-बिरंगे फूलों से देखते हुए।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 5-1-24 | 12 | 2-6 |

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की

# शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024 में पहुंचे सेना के अधिकारी





हिसार। शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव में फूलों की अलग-अलग वैरायटी की प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि सहित अन्य सेना के अधिकारी व उत्सव में लगी लोगों की भीड़। फोटो: हरिभूमि

**तीन दिवसीय शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024 का आज समापन हुआ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट न. 4 के नजदीक स्थित एग्री-टूरिज्म सेंटर व बोटेनिकल गार्डन में चल रहे तीन दिवसीय शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024 का आज समापन हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि हिसार सेना छावनी के कमांडर एवं ब्रिगेडियर एस. राजीव ने शिरकत की।

इस दौरान उनके साथ हिसार सेना छावनी से लेफ्टिनेंट कर्नल शशांक मिश्रा व श्वेता श्रीवास्तवा, एडजुटेंट और क्वार्टर मास्टर मेजर आरसी सूयाल और लेफ्टिनेंट दीपक यादव भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि सहित अन्य सेना के अधिकारियों ने फ्लावर शो में लगी सभी स्टॉलों व उद्यानों का भ्रमण किया।

सभी ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मुलाकात कर विश्वविद्यालय के कार्यों की प्रशंसा की।

### ताजा पुष्प सज्जा में राजेश रहा प्रथम

उत्सव के अंतिम दिन स्कूली ग्रुप में सीनियर व जूनियर वर्ग एवं कॉलेज ग्रुप के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ताजा पुष्प सज्जा में, सूखे फूल सज्जा एवं ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिनमें ताजा पुष्प सज्जा में प्रथम पुरस्कार आजाद नगर निवासी राजेश ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार जिंदल स्टील लिमिटेड, हिसार व तीसरा पुरस्कार गांव किरोड़ी निवासी अंकित शर्मा व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित ने जीता। सूखे फूल सज्जा में प्रथम स्थान पर गांव बहबलपुर निवासी रमेश, दूसरे स्थान पर ओपी जिंदल मॉर्डन स्कूल, हिसार व तीसरे स्थान पर रायपुर ढाणी निवासी रोहताश व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित रहे।

### प्रदर्शनी में दिखा उत्साह

कड़कड़ाती सर्दी होने के बावजूद काफी संख्या में लोग शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024 में अलग-अलग वैरायटी के फल, फूल व सब्जियों की प्रदर्शनियों को देखने के लिए पहुंचे थे, जिस दौरान उनका उत्साह देखने को बन रहा था। उत्सव के अंतिम दिन भी लोगों ने सुंदर-सुंदर फूलों के साथ अपनी सेल्फी खिंचवाई। सेल्फी प्वाइंट भी आकर्षण का केंद्र रहा। आमजन से लेकर किसानों व युवाओं ने विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में इजाद की गई नई-नई तकनीकों व प्रौद्योगिकियों के बारे में वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की।

### ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिग में भव्या रही अव्वल

स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग पहली से पांचवी कक्षा की श्रेणी में प्रथम स्थान पर दा आर्यन स्कूल, हिसार की छात्रा भव्या रही, जबकि दूसरे स्थान पर माल कॉलोनी, हिसार निवासी अयिशा व तीसरे स्थान पर होली एंजल स्कूल की छात्रा यशस्वी और ओपीजेएमएस की छात्रा बृंदा रही। जबकि कक्षा 6 से 8वीं तक की उपरोक्त प्रतियोगिता में सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा महक पहले स्थान पर रही, जबकि दूसरे स्थान पर आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा मनप्रीत व तीसरे स्थान पर कैंपस स्कूल की छात्रा प्रज्ञा व सिद्धार्थ इंटरनेशन स्कूल की छात्रा श्रेया रही।

### सीनियर वर्ग में पलक ने मारी बाजी

ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिग प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा पलक रही, जबकि दूसरे स्थान पर आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा महक व तीसरे स्थान पर दा आर्यन स्कूल की छात्रा मोली गोयल रही। उपरोक्त प्रतियोगिता में कॉलेज ग्रुप में प्रथम पुरस्कार राजकीय कॉलेज, हिसार की छात्रा निशा ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार एफसी कॉलेज की छात्रा निहारिका व तीसरा पुरस्कार एसडीएमएम, हांसी की छात्रा मोनी ने जीता।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 5-1-24 | 4 | 5-7 |


# हकृवि पुष्प उत्सव देखने पहुंचे सेना के अधिकारी

## नई तकनीकों व प्रौद्योगिकियों के बारे में वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों से ली जानकारी



प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि सहित अन्य सेना के अधिकारीगण।

हिसार, 4 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट न. 4 के नजदीक स्थित एग्री-टूरिज्म सैंटर व बोटेनिकल गार्डन में चल रहे तीन दिवसीय 'शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2024' का वीरवार को समापन हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि हिसार सेना छावनी के कमांडर एवं ब्रिगेडियर एस. राजीव ने शिरकत की। इस दौरान उनके साथ हिसार सेना छावनी से लेफ्टिनैंट कर्नल शशांक मिश्रा व श्वेता श्रीवास्तवा, एडजुटैंट और क्वार्टर मास्टर मेजर आर.सी. सूयाल और लेफ्टिनैंट दीपक यादव भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि सहित अन्य सेना के अधिकारियों ने फ्लावर शो में लगी सभी स्टॉलों व उद्यानों का भ्रमण किया। सभी ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात की।

कड़कड़ाती सर्दी होने के बावजूद 3 दिनों के दौरान काफी संख्या में लोग 'शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2024' में अलग-अलग वैरायटी के फल, फूल व सब्जियों की प्रदर्शनियों को देखने के लिए पहुंचे। किसानों व युवाओं ने विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में इजाद की गई नई-नई तकनीकों व प्रौद्योगिकियों के बारे में वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की।

उत्सव के अंतिम दिन स्कूली ग्रुप में सीनियर व जूनियर वर्ग एवं कॉलेज ग्रुप के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ताज़ा पुष्प सज्जा में, सूखे फूल सज्जा एवं ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिनमें ताज़ा पुष्प सज्जा में प्रथम पुरस्कार आजाद नगर निवासी राजेश ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार जिंदल स्टील लिमिटेड, हिसार व तीसरा पुरस्कार गांव किरोड़ी निवासी अंकित शर्मा व गांव खरड़-अलीपुर निवासी मोहित ने जीता। सूखे फूल सज्जा में प्रथम स्थान पर गांव बहबलपुर निवासी रमेश, दूसरे स्थान पर ओ.पी. जिंदल मॉडर्न स्कूल, हिसार व तीसरे स्थान पर रायपुर ढाणी निवासी रोहताश व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित रहे।

स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग पहली से पांचवी कक्षा की श्रेणी में प्रथम स्थान पर दा आर्यन स्कूल, हिसार की छात्रा भव्या रही, जबकि दूसरे स्थान पर माल कॉलोनी, हिसार निवासी अयिशा व तीसरे स्थान पर होली एंजल स्कूल की छात्रा यशस्वी और ओ.पी.जे.एम.एस. की छात्रा बृंदा रही, जबकि कक्षा 6 से 8वीं तक की उपरोक्त प्रतियोगिता में सिद्धार्थ इंटरनैशनल स्कूल की छात्रा महक पहले स्थान पर रही, जबकि दूसरे स्थान पर आई.डी.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल की छात्रा मनप्रीत व तीसरे स्थान पर कैंपस स्कूल की छात्रा प्रज्ञा व सिद्धार्थ इंटरनैशनल स्कूल की छात्रा श्रेया रही।

सीनियर वर्ग की उपरोक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विश्वास सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्रा पलक रही, जबकि दूसरे स्थान पर आई.डी.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल की छात्रा महक व तीसरे स्थान पर दा आर्यन स्कूल की छात्रा मोली गोयल रही।


चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 5.1.23 | 12 | 1-5 |

# हकृवि के 'शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2024' में पहुंचे सेना के अधिकारी, विश्वविद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा

## वीरवार को विश्वविद्यालय में आयोजित 'शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024' का हुआ समापन

हिसार, 4 जनवरी (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट न. 4 के नजदीक स्थित एग्री-टूरिज्म सेंटर व बोटेनिकल गार्डन में चल रहे तीन दिवसीय 'शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024' का आज समापन हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि हिसार सेना छावनी के कमांडर एवं ब्रिगेडियर एस. राजीव ने शिरकत की। इस दौरान उनके साथ हिसार सेना छावनी से लेफ्टिनेंट कर्नल शशांक मिश्रा व श्वेता श्रीवास्तवा, एडजुटेंट और क्वार्टर मास्टर मेजर आरसी सूयाल और लेफ्टिनेंट दीपक यादव भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि सहित अन्य सेना के अधिकारियों ने फ्लावर शो में लगी सभी स्टॉलों व उद्यानों का भ्रमण किया। सभी ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात कर विश्वविद्यालय के कार्यों की प्रशंसा की। कड़कड़ाती सर्दी होने के बावजूद काफी संख्या में लोग 'शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024' में अलग-अलग वैरायटी के फल, फूल व सब्जियों की प्रदर्शनियों को देखने के लिए पहुंचे थे, जिस दौरान उनका उत्साह देखने को बन रहा था। उत्सव के अंतिम दिन भी लोगों ने सुंदर-सुंदर फूलों के साथ अपनी सेल्फी खिंचवाई। इस दौरान लोगों के लिए सेल्फी प्वाइंट भी आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा आमजन से लेकर किसानों व युवाओं ने विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में इजाद की गई नई-नई तकनीकों व प्रौद्योगिकियों के बारे में वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की। उत्सव के अंतिम दिन स्कूली ग्रुप में सीनियर व जूनियर वर्ग एवं कॉलेज ग्रुप के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ताजा पुष्प सज्जा में, सूखे फूल सज्जा एवं ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिनमें ताजा पुष्प सज्जा में प्रथम पुरस्कार आजाद नगर निवासी राजेश ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार जिंदल स्टील लिमिटेड, हिसार व तीसरा पुरस्कार गांव किरोड़ी निवासी अंकित शर्मा व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित ने जीता। सूखे फूल सज्जा में प्रथम स्थान पर गांव बहबलपुर निवासी रमेश, दूसरे स्थान पर ओपी जिंदल मॉर्डन स्कूल, हिसार व तीसरे स्थान पर रायपुर ढाणी निवासी रोहताश व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित रहे। स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग पहली से पांचवी कक्षा की श्रेणी में प्रथम स्थान पर दा आर्यन स्कूल, हिसार की छात्रा भव्या रही, जबकि दूसरे स्थान पर माल कॉलोनी, हिसार निवासी अयिशा व तीसरे स्थान पर होली एंजल स्कूल की छात्रा यशस्वी और ओपीजेएमएस की छात्रा बृंदा रही, जबकि कक्षा 6 से 8वीं तक की उपरोक्त प्रतियोगिता में सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा महक पहले स्थान पर रही, जबकि दूसरे स्थान पर आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा मनप्रीत व तीसरे स्थान पर कैंपस स्कूल की छात्रा प्रज्ञा व सिद्धार्थ इंटरनेशन स्कूल की छात्रा श्रेया रही। सीनियर वर्ग की उपरोक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा पलक रही, जबकि दूसरे स्थान पर आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा महक व तीसरे स्थान पर दा आर्यन स्कूल की छात्रा मोली गोयल रही। उपरोक्त प्रतियोगिता में कॉलेज ग्रुप में प्रथम पुरस्कार राजकीय कॉलेज, हिसार की छात्रा निशा ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार एफसी कॉलेज की छात्रा निहारिका व तीसरा पुरस्कार एसडीएमएम, हांसी की छात्रा मोनी ने जीता। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारीगण सहित इससे जुड़े महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, शोधार्थियों सहित शहर के विभिन्न स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थीगण भी मौजूद रहे।



उत्सव में लगी लोगों की भीड़।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | 5.1.24 | 5 | 4-8 |

### ताजा फूल सज्जा प्रतियोगिता में आजाद नगर निवासी राजेश रहा प्रथम

# 'शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव' का समापन, सेल्फी प्वाइंट रहा आकर्षण का केंद्र

सच कहूँ/श्याम सुन्दर सरदाना

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट न. 4 के नजदीक स्थित एग्री-टूरिज्म सेंटर व बोटेनिकल गार्डन में चल रहे तीन दिवसीय शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024 का आज समापन हुआ। जिसमें बतौर मुख्यातिथि हिसार सेना छावनी के कमांडर एवं ब्रिगेडियर एस. राजीव ने शिरकत की। इस दौरान उनके साथ हिसार सेना छावनी से लेफ्टिनेंट कर्नल शशांक मिश्रा व श्वेता श्रीवास्तवा, एडजुटेंट और क्वार्टर मास्टर मेजर आरसी सूयाल और लेफ्टिनेंट दीपक यादव भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि सहित अन्य सेना के अधिकारियों ने फ्लावर शो में लगी सभी स्टॉलों व उद्ययानों का भ्रमण किया। सभी ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात कर विश्वविद्यालय के कार्यों की प्रशंसा की। कड़कड़ाती सर्दी होने के बावजूद काफी संख्या में लोग उत्सव 2024 में अलग-अलग वैरायटी के फल, फूल व सब्जियों की प्रदर्शनियों को देखने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान लोगों के लिए सेल्फी प्वाइंट भी आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा आमजन से लेकर किसानों व युवाओं ने विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में इजात की गई नई-नई तकनीकों व प्रौद्योगिकियों के बारे में वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की। उत्सव के अंतिम दिन स्कूली ग्रुप में सीनियर व जूनियर वर्ग एवं कॉलेज ग्रुप के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ताजा पुष्प सज्जा में, सूखे फूल सज्जा एवं ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया। जिनमें ताजा पुष्प सज्जा में प्रथम पुरस्कार आजाद नगर निवासी राजेश ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार जिंदल स्टील लिमिटेड, हिसार व तीसरा पुरस्कार गांव किरोड़ी निवासी अंकित शर्मा व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित ने जीता। सूखे फूल सज्जा में प्रथम स्थान पर गांव बहबलपुर निवासी रमेश, दूसरे स्थान पर ओपी जिंदल मॉर्डन स्कूल, हिसार व तीसरे स्थान पर रायपुर ढाणी निवासी रोहताश व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित रहे।


हिसार। उत्सव में लगी लोगों की भीड़।

स्कूली विद्यार्थियों के ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग पहली से पांचवी कक्षा की श्रेणी में प्रथम स्थान पर दा आर्यन स्कूल, हिसार की छात्रा भव्या रही, जबकि दूसरे स्थान पर अयिशा व तीसरे स्थान पर यशस्वी और ओपीजेएमएस की छात्रा बृंदा रही। उपरोक्त प्रतियोगिता में कॉलेज ग्रुप में प्रथम पुरस्कार राजकीय कॉलेज, हिसार की छात्रा निशा ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार एफसी कॉलेज की छात्रा निहारिका व तीसरा पुरस्कार एसडीएमएम, हांसी की छात्रा मोनी ने जीता। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारी सहित इससे जुड़े महाविद्यालयों के अधिष्ठाता निदेशक, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, शोधार्थियों सहित शहर के विभिन्न स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थीगण भी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 5-1-24 | 2 | 2-4 |

# पुष्प सज्जा में राजेश और रमेश को प्रथम स्थान



पुष्प प्रदर्शनी देखतीं युवतियां। ● जागरण

**जागरण संवाददाता, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एग्री-टूरिज्म सेंटर व बोटेनिकल गार्डन में आयोजित शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024 का समापन हुआ। इसमें बतौर मुख्यातिथि हिसार सेना छावनी के कमांडर एवं ब्रिगेडियर एस राजीव ने शिरकत की। इस दौरान साथ हिसार सेना छावनी से लेफ्टिनेंट कर्नल शशांक मिश्रा व श्वेता श्रीवास्तवा, एडजुटेंट और क्वार्टर मास्टर मेजर आरसी सूयाल और लेफ्टिनेंट दीपक यादव भी मौजूद रहे।

उत्सव के अंतिम दिन स्कूली ग्रुप में सीनियर व जूनियर वर्ग एवं कालेज ग्रुप के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ताजा पुष्प सज्जा, सूखे फूल सज्जा एवं आन दा स्पाट ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया। इनमें ताजा पुष्प सज्जा में प्रथम पुरस्कार आजाद नगर निवासी राजेश ने जीता, दूसरा पुरस्कार जिंदल स्टील लिमिटेड हिसार व तीसरा पुरस्कार गांव किरोड़ी निवासी अंकित शर्मा व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित ने जीता। सूखे फूल सज्जा में प्रथम स्थान पर गांव बहबलपुर निवासी रमेश, दूसरे स्थान पर ओपी जिंदल मार्डन स्कूल, हिसार व तीसरे स्थान पर रायपुर ढाणी निवासी रोहताश व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित रहे। आन दा स्पाट ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग पहली से पांचवीं कक्षा की श्रेणी में प्रथम स्थान पर दा आर्यन स्कूल, हिसार की छात्रा भव्या रही, दूसरे स्थान पर माल कालोनी, हिसार निवासी अयिशा व तीसरे स्थान पर होली एंजल स्कूल की छात्रा यशस्वी और ओपीजेएमएस की छात्रा बृंदा रही। कक्षा 6 से 8वीं तक की उपरोक्त प्रतियोगिता में सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा महक पहले, दूसरे स्थान पर आइडीडीएवी पब्लिक स्कूल से मनप्रीत व तीसरे स्थान पर कैंपस स्कूल की छात्रा प्रज्ञा व सिद्धार्थ इंटरनेशन स्कूल की छात्रा श्रेया रही। सीनियर वर्ग की उपरोक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा पलक रही, दूसरे स्थान पर आइडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा महक व तीसरे स्थान पर दा आर्यन स्कूल की छात्रा मोली गोयल रही। कालेज ग्रुप में प्रथम पुरस्कार राजकीय कालेज हिसार की छात्रा निशा ने जीता, दूसस पुरस्कार एफसी कालेज की छात्रा निहारिका व तीसरा पुरस्कार एसडीएमएम, हांसी की छात्रा मोनी ने जीता।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 5.1.24 | 3 | 4-5 |




**मासूम मुस्कान**

एचएयू में लगी पुष्प प्रदर्शनी में मां ने दिखाया खिलौना तो गोद में खिलखिला उठा बच्चा। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 5-1-24 | 3 | 1-7 |

# ताजा पुष्प सज्जा में राजेश व सूखे फूलों में रमेश प्रथम

## एचएयू के एग्री टूरिज्म सेंटर व बोटेनिकल गार्डन में आयोजित पुष्प उत्सव का समापन

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित एग्री-टूरिज्म सेंटर व बोटेनिकल गार्डन में चल रहे तीन दिवसीय शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2024 का वीरवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि हिसार सेना छावनी के कमांडर एवं ब्रिगेडियर एस राजीव ने शिरकत की। उत्सव के अंतिम दिन लोगों ने फूलों के साथ सेल्फी खिंचवाई। ताजा पुष्प सज्जा में आजाद नगर के राजेश को प्रथम पुरस्कार मिला। वहीं सूखे फूल सज्जा में गांव बहबलपुर का रमेश अव्वल रहा।

इस दौरान स्कूली ग्रुप में सीनियर व जूनियर वर्ग एवं कॉलेज ग्रुप के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ताजा पुष्प सज्जा में, सूखे फूल सज्जा एवं ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट कर्नल शशांक मिश्रा, श्वेता श्रीवास्तवा मौजूद रहे।



हिसार में एचएयू में लगी पुष्प प्रदर्शनी में फूलों की सेल्फी लेती छात्र। संवाद



पुष्प प्रदर्शनी में हाइड्रोपोनिक तकनीक से उगे हुए पौधे दिखाता कर्मचारी। संवाद

*ताजा पुष्प सज्जा*

- प्रथम पुरस्कार : आजाद नगर निवासी राजेश
- दूसरा पुरस्कार : जिंदल स्टील लिमिटेड
- तीसरा पुरस्कार : गांव किरोड़ी निवासी अंकित शर्मा व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित

**सूखे फूल सज्जा**

- प्रथम : गांव बहबलपुर निवासी रमेश
- द्वितीय : ओपी जिंदल मॉर्डन स्कूल
- तृतीय : रायपुर ढाणी निवासी रोहताश व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित।

**ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिग स्पर्धा जूनियर वर्ग**

- प्रथम : आर्यन स्कूल की छात्रा भव्या
- द्वितीय : आर्यन स्कूल की छात्रा आयशा
- तृतीय : होली एंजल स्कूल की छात्रा यशस्वी, ओपीजेएमएस की छात्रा बृंदा

**कक्षा 6 से 8वीं तक की प्रतियोगिता**

- प्रथम : सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा महक
- द्वितीय : आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा मनप्रीत, कैंपस स्कूल की छात्रा प्रज्ञा
- तृतीय : सिद्धार्थ इंटरनेशन स्कूल की छात्रा श्रेया

*सीनियर वर्ग*

- प्रथम : विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा पलक
- द्वितीय : आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा महक
- तृतीय : दा आर्यन स्कूल की छात्रा मोली गोयल

**कॉलेज ग्रुप**

- प्रथम पुरस्कार : राजकीय कॉलेज की छात्रा निशा
- दूसरा पुरस्कार : एफसी कॉलेज की छात्रा निहारिका
- तीसरा पुरस्कार : एसडीएमएम, हांसी की छात्रा मोनी

# पशुओं में दूध की मात्रा बढ़ाने में सहायक 'सतावर'

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी में औषधीय पौधे भी लोगों को खूब पसंद आए। घर में हरियाली लाने के साथ-साथ यह पौधे आपको स्वस्थ भी रखेंगे। पौधों को देखने वाले लोग इनको खरीदने के लिए जानकारी लेते नजर आए। ठंड में पशुओं में दूध की मात्रा घटने लगती है, ऐसे में सतावर का पौधा पशुओं में दूध की मात्रा बढ़ाने में कारगर साबित होता है। इस पौधे के प्रयोग से जोड़ों के दर्द में राहत मिलती है। संवाद



- **अजवायन :** *अजवायन का पौधा घर में गमले में लगाया जा सकता है। अजवायन दिल की सेहत को खराब होने से बचाने का काम करती है। आफरा आने पर इसका प्रयोग कर सकते है। अजवायन के पत्ते उबालने के बाद उसका पानी ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करता है। अजवाइन में मौजूद थायमॉल और फाइबर की उच्च मात्रा शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बनने से रोकती है। यह पाचन तंत्र तेज करता है, पेट दर्द में राहत, पेट में पानी भरने पर असरदार, पेट के कीड़े मारता है।*



- **जख्म-ए-हयात :** *जख्म-ए-हयात का पौधा भी गमले में लगा सकते हैं। इसके पत्ते, जड़, फूल, बीज और फल सभी का उपयोग किया जाता है। इसका सबसे ज्यादा उपयोग जख्मों को ठीक करने के लिए किया जाता है। इसके फल की चटनी बनाकर खाने से दांत और मसूड़ों की बीमारियों से छुटकारा मिल जाता है। आमतौर पर घाव भरने, दस्त और उल्टी, बुखार, खांसी रोगों को ठीक करने के लिए प्रयोग किया जाता है।*



- **सतावर :** *सतावर का पौधा शक्तिवर्धक के रूप में काम करता है। यह 1 से 2 मीटर तक लंबी बेल होती है जो हर तरह के जंगलों और मैदानी इलाकों में पाई जाती है। आयुर्वेद में इसे 'औषधियों की रानी' कहा जाता है। इसकी गांठ या कंद का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें जो महत्वपूर्ण रासायनिक घटक पाए जाते हैं। इसका उपयोग स्त्री रोगों जैसे प्रसव के उपरांत दूध का न आना, बांझपन, गर्भपात में किया जाता है। यह जोड़ों के दर्द एवं मिर्गी में भी लाभप्रद होता है।*



- **पत्थरचट्टा :** *पत्थरचट्टा के पत्ते को सेहत के लिए वरदान माना जाता है। इसके नियमित सेवन से व्यक्ति को पथरी से लेकर सिर दर्द, योनि संक्रमण, रक्तचाप जैसी समस्या में राहत मिल सकती है। आयुर्वेद में पत्थरचट्टा के पत्ते का उपयोग कई तरह की औषधियां बनाने के लिए किया जाता है। 6.5 एमएम तक की पथरी है तो बिना ऑपरेशन के भी बाहर निकल सकती है, लेकिन उसके लिए सही इलाज और पानी का खूब सेवन जरूरी है।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 04.01.2024 | -- | -- |

# 'शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2024' हुआ संपन्न

## सूखे फूल सज्जा में गांव बहबलपुर निवासी रमेश रहा प्रथम स्थान पर

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट न. 4 के नजदीक स्थित एग्री-टूरिज्म सेंटर व बोटेनिकल गार्डन में चल रहे तीन दिवसीय 'शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2024' का आज समापन हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि हिसार सेना छावनी के कमांडर एवं ब्रिगेडियर एस. राजीव ने शिरकत की। इस दौरान उनके साथ हिसार सेना छावनी से लेफ्टिनेंट कर्नल शशांक मिश्रा व श्वेता श्रीवास्तवा, एडजुटेंट और क्वार्टर मास्टर मेजर आरसी सूयाल और लेफ्टिनेंट दीपक यादव भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि सहित अन्य सेना के अधिकारियों ने फ्लावर शो में लगी सभी स्टॉलों व उद्यानों का भ्रमण किया। सभी ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात कर विश्वविद्यालय के कार्यों की प्रशंसा की।

उत्सव के अंतिम दिन स्कूली ग्रुप में सीनियर व जूनियर वर्ग एवं कॉलेज ग्रुप के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ताजा पुष्प सज्जा में, सूखे फूल सज्जा एवं ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिनमें ताजा पुष्प सज्जा में प्रथम पुरस्कार आजाद नगर निवासी राजेश ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार जिंदल स्टील लिमिटेड, हिसार व तीसरा पुरस्कार गांव किरोड़ी निवासी अंकित शर्मा व गांव खरड़-अलीपुर निवासी मोहित ने जीता। सूखे फूल सज्जा में प्रथम स्थान पर गांव बहबलपुर निवासी रमेश, दूसरे स्थान पर ओपी जिंदल मॉडर्न स्कूल, हिसार व तीसरे स्थान पर रायपुर ढाणी निवासी रोहताश व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित रहे।



फूलों की अलग-अलग वैरायटी की प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि सहित अन्य सेना के अधिकारीगण।

स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग पहली से पांचवीं कक्षा की श्रेणी में प्रथम स्थान पर दा आर्यन स्कूल, हिसार की छात्रा भव्या रही, जबकि दूसरे स्थान पर माल कॉलोनी, हिसार निवासी अयिशा व तीसरे स्थान पर होली एंजल स्कूल की छात्रा यशस्वी और ओपीजेएमएस की छात्रा वृंदा रही, जबकि कक्षा 6 से 8वीं तक की उपरोक्त प्रतियोगिता में सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा महक पहले स्थान पर रही, जबकि दूसरे स्थान पर आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा मनप्रीत व तीसरे स्थान पर कैंपस स्कूल की छात्रा प्रज्ञा व सिद्धार्थ इंटरनेशन स्कूल की छात्रा श्रेया रही। सीनियर वर्ग की उपरोक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा फ्लक रही, जबकि दूसरे स्थान पर आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा महक व तीसरे स्थान पर दा आर्यन स्कूल की छात्रा मोली गोयल रही। उपरोक्त प्रतियोगिता में कॉलेज ग्रुप में प्रथम पुरस्कार राजकीय कॉलेज, हिसार की छात्रा निशा ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार एफसी कॉलेज की छात्रा निहारिका व तीसरा पुरस्कार एसडीएमएम, हांसी की छात्रा मोनी ने जीता।

इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारीगण सहित इससे जुड़े महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, शोधार्थियों सहित शहर के विभिन्न स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थीगण भी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 04.01.2024 | -- | -- |

# हकृवि में आयोजित 'शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024' का हुआ समापन

**पांच बजे न्यूज**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्री-टूरिज्म सेंटर व बोटेनिकल गार्डन में चल रहे तीन दिवसीय 'शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024' का आज समापन हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि हिसार सेना छावनी के कमांडर एवं ब्रिगेडियर एस. राजीव ने शिरकत की। इस दौरान उनके साथ हिसार सेना छावनी से लेफ्टिनेंट कर्नल शशांक मिश्रा व श्वेता श्रीवास्तवा, एडजुटेंट और क्वार्टर मास्टर मेजर आरसी सूयाल और लेफ्टिनेंट दीपक यादव भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि सहित अन्य सेना के अधिकारियों ने फ्लावर शो में लगी सभी स्टॉलों व उद्यानों का भ्रमण किया। कड़कड़ाती सर्दी होने के बावजूद काफी संख्या में लोग 'शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024' में अलग-अलग वैरायटी के फल, फूल व सब्जियों की प्रदर्शनियों को देखने के लिए पहुंचे थे, जिस दौरान उनका उत्साह देखने को बन रहा था। उत्सव के अंतिम दिन स्कूली ग्रुप में सीनियर व जूनियर वर्ग एवं कॉलेज ग्रुप के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ताजा पुष्प सज्जा में, सूखे फूल सज्जा एवं ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिनमें ताजा पुष्प सज्जा में प्रथम पुरस्कार आजाद नगर निवासी राजेश ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार जिंदल स्टील लिमिटेड, हिसार व तीसरा पुरस्कार गांव किरोड़ी निवासी अंकित शर्मा व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित ने जीता। सूखे फूल सज्जा में प्रथम स्थान पर गांव बहबलपुर निवासी रमेश, दूसरे स्थान पर ओपी जिंदल मॉर्डन स्कूल, हिसार व तीसरे स्थान पर रायपुर ढाणी निवासी रोहताश व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित रहे। स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग पहली से पांचवी कक्षा की श्रेणी में प्रथम स्थान पर दा आर्यन स्कूल, हिसार की छात्रा भव्या रही, जबकि दूसरे स्थान पर माल कॉलोनी, हिसार निवासी अयिशा व तीसरे स्थान पर होली एंजल स्कूल की छात्रा यशस्वी और ओपीजेएमएस की छात्रा बृंदा रही, जबकि कक्षा 6 से 8वीं तक की उपरोक्त प्रतियोगिता में सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा महक पहले स्थान पर रही, जबकि दूसरे स्थान पर आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा मनप्रीत व तीसरे स्थान पर कैंपस स्कूल की छात्रा प्रज्ञा व सिद्धार्थ इंटरनेशन स्कूल की छात्रा श्रेया रही। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा पलक रही, जबकि दूसरे स्थान पर आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा महक व तीसरे स्थान पर दा आर्यन स्कूल की छात्रा मोली गोयल रही। उपरोक्त प्रतियोगिता में कॉलेज ग्रुप में प्रथम पुरस्कार राजकीय कॉलेज, हिसार की छात्रा निशा ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार एफसी कॉलेज की छात्रा निहारिका व तीसरा पुरस्कार एसडीएमएम, हांसी की छात्रा मोनी ने जीता।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 04.01.2024 | -- | -- |

## हकृवि के 'शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024' में पहुंचे सेना के अधिकारी, विश्वविद्यालय के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा

हिसार ( चिराग टाइम्स )

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट न. 4 के नजदीक स्थित एग्री-टूरिज्म सेंटर व बोटेनिकल गार्डन में चल रहे तीन दिवसीय 'शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024' का आज समापन हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि हिसार सेना छावनी के कमांडर एवं ब्रिगेडियर एस. राजीव ने शिरकत की। इस दौरान उनके साथ हिसार सेना छावनी से लेफ्टिनेंट कर्नल शशांक मिश्रा व श्वेता श्रीवास्तवा, एडजुटेंट और क्वार्टर मास्टर मेजर आरसी सुयाल और लेफ्टिनेंट दीपक यादव भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि सहित अन्य सेना के अधिकारियों ने फ्लावर शो में लगी सभी स्टॉलों व उद्यानों का भ्रमण किया। सभी ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात कर विश्वविद्यालय के कार्यों की प्रशंसा की।

कड़ाके की सर्दी होने के बावजूद काफी संख्या में लोग 'शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024' में अलग-अलग वैरायटी के फल, फूल व सब्जियों की प्रदर्शनियों को देखने के लिए पहुंचे थे, जिस



दौरान उनका उत्साह देखने को बन रहा था। उत्सव के अंतिम दिन भी लोगों ने सुंदर-सुंदर फूलों के साथ अपनी सेल्फी खिंचवाई। इस दौरान लोगों के लिए सेल्फी प्वाइंट भी आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा आमजन से लेकर किसानों व युवाओं ने विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में इजाद की गई नई-नई तकनीकों व प्रौद्योगिकियों के बारे में वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की।

उत्सव के अंतिम दिन स्कूली ग्रुप में सीनियर व जूनियर वर्ग एवं कॉलेज ग्रुप के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ताजा पुष्प सज्जा में, सूखे फूल सज्जा एवं ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिनमें ताजा पुष्प सज्जा में प्रथम पुरस्कार आजाद नगर निवासी राजेश ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार जिंदल स्टील लिमिटेड, हिसार व तीसरा पुरस्कार गांव किरोड़ी निवासी अंकित शर्मा व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित ने जीता। सूखे फूल सज्जा में प्रथम स्थान पर गांव बहबलपुर निवासी रमेश, दूसरे स्थान पर ओपी जिंदल मॉडर्न स्कूल, हिसार व तीसरे स्थान पर रायपुर ढाणी निवासी रोहताश व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित रहे।

स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग पहली से पांचवी कक्षा की श्रेणी में प्रथम स्थान पर दा आर्यन स्कूल, हिसार की छात्रा भव्या रही, जबकि दूसरे स्थान पर माल कॉलोनी, हिसार निवासी अयिशा व तीसरे स्थान पर होली एंजल स्कूल की छात्रा यशस्वी और ओपीजेएमएस की छात्रा वृंदा रही, जबकि कक्षा 6 से 8वीं तक की उपरोक्त प्रतियोगिता में सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा महक पहले स्थान पर रही, जबकि दूसरे स्थान पर आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा मनप्रीत व तीसरे स्थान पर कैंपस स्कूल की छात्रा प्रज्ञा व सिद्धार्थ इंटरनेशन स्कूल की छात्रा श्रेया रही। सीनियर वर्ग की उपरोक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विधास सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा पलक रही, जबकि दूसरे स्थान पर आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा महक व तीसरे स्थान पर दा आर्यन स्कूल की छात्रा मोली गोयल रही। उपरोक्त प्रतियोगिता में कॉलेज ग्रुप में प्रथम पुरस्कार राजकीय कॉलेज, हिसार की छात्रा निशा ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार एफसी कॉलेज की छात्रा निहारिका व तीसरा पुरस्कार एसडीएमएम, हांसी की छात्रा मोनी ने जीता।

इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारीगण सहित इससे जुड़े महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, शोधार्थियों सहित शहर के विभिन्न स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थीगण भी मौजूद रहे।

